# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी पुष्कर (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी – श्री सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस)

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या – 01/2022

दायर दिनांक – 03.01.2022

निर्णय दिनांक – 12.08.2022

जीसीएमएस नं0 – 2022/1

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. श्री मनीष पारवानी पुत्र स्व0 श्री हरीश पारवानी जाति सिंधी निवासी 24, अभियंता नगर, वैशाली नगर, अजमेर। | | 1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, पुष्कर जिला अजमेर।<br>2. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, शाखा अजमेर जिला अजमेर। |

राजस्व प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थिति–
1. श्री फिरोज मो0, अधिवक्ता, प्रार्थी
2. श्री संदीप पाराशर, अधिवक्ता, अप्रार्थी सं0 2
3. पैरोकार सरकार जरिये तहसीलदार, पुष्कर।

–: निर्णय :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–131 व 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत ग्राम रेंवत तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित आराजीयात के वर्किंग खसरा नंबर 1204 मिन है, जिसके वर्तमान खसरा नंबर 303/763 रकबा 1.51 हैक्ट0 बने है। जिसे प्रार्थी ने विभिन्न विक्रय–पत्रों द्वारा क्रय करके कब्जा व दखल प्राप्त किया। जिसमें प्रार्थी मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी सा. अभियंता नगर, वैशाली नगर, अ[illegible]1 पूर्ण खाता बैंक ऑफ बडौदा शाखा अजमेर के राहिन अंकित है। नवीन खसरा नंबर 303/763 का वर्तमान राजस्व नक्शे में

12.8.22
उपखण्ड अधिकारी
पुष्कर

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2022.09.15 13:47:15 IST
Reason: SelfAttested

मौके से अलग जाकर गलत स्थान पर तरमीम किया गया है, जिसे मौके पर कब्जा अनुसार वर्तमान राजस्व मानचित्र में दुरूस्ती करवाने हेतु प्रस्तुत किया गया।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना–पत्र के तलब किया गया। जिसकी अनुपालना में अप्रार्थी सं0 01 तहसीलदार, पुष्कर द्वारा हाजिर होकर जवाब प्रार्थना–पत्र पेश किया गया। इस संबंध में पैरोकार सरकार/तहसीलदार द्वारा पत्र क्रमांक/तह.पुष्कर/कोर्ट/2022/1186 दिनांक 29.04.2022 द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत जवाब प्रार्थना–पत्र में कथन किया कि " साबिक ख.नं. 1204 मि. से बना हाल ख.नं. 303/763 रकबा 1.51 वर्तमान राजस्व मानचित्र में मौके पर कब्जा तथा वर्किंग मानचित्र अनुसार तरमीम नहीं होकर गलत जगह तरमीम हो रखी है। साबिक ख.नं. 1204 रकबा 6.26 के हाल ख.नं. 303/763 रकबा 1.51, 303/764 रकबा 0.24, 303 रकबा 2.55, 304 रकबा 0.20, 305 रकबा 1.40, 300 रकबा 0.08, 303/762 रकबा 0.28 बने है। ख.नं. 303/763 रकबा 1.51 खाता संख्या 155 में मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी जाति सिन्धी सा. अभियंतानगर वैशालीनगर अजमेर खातेदार, ख.नं. 303/762 रकबा 0.28, 304 रकबा 0.20, 305 रकबा 1.40 खाता संख्या 239 में बंशीलाल, मदनलाल पि. हरजी, सुगनादेवी पत्नी हरजी जाति भांबी सा. देह खातेदार, ख.नं. 300 रकबा 0.08, 303 रकबा 2.55 खाता संख्या 152 में गोगसिंह पुत्र प्रहलादसिंह, घीसूकंवर पुत्री प्रहलादसिंह, नरसीसिंह मोहनसिंह रमेशसिंह पि. हिम्मतसिंह बाला कंवर पत्नी हिम्मतसिंह जाति राजपूत सा. देह खातेदार, ख.नं. 303/764 रकबा 0.24 खाता संख्या 63 में धमण्डाराम, सूरजाराम पि. जीवणराम जाति जाट सा. देह खातेदार जमाबन्दी संवत् 2071–74 में दर्ज है। साबिक ख.नं. 1204 से बने वर्तमान ख.नं. 300, 303, 304, 305, 303/762, 303/763, 303/764 को वर्किंग राजस्व मानचित्र व मौका अनुसार वर्तमान राजस्व मानचित्र में सही स्थान पर तरमीम करने पर अन्य खसरा नम्बर भी प्रभावित होते है तथा जमाबन्दी व मानचित्र की निम्नानुसार स्थिति बनती है।

| वर्तमान प्रविष्टि | | | प्रस्तावित नवीन प्रविष्टि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ख.नं. | रकबा (हैक्ट) | | ख. नं. | रकबा (हैक्ट) | |
| 303/763 | 1.51 | मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी जाति सिन्धी सा. अभियंतानगर वैशाली नगर अजमेर | 305<br>303/762/1<br>303/764/2 | 1.40<br>0.03<br>0.08 | मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी जाति सिंधी सा. अभियंतानगर वैशाली नगर अजमेर |
| **कुल किता 1** | **कुल रकबा 1.51** | | **कुल किता 3** | **कुल रकबा 1.51** | |
| 301 | 0.09 | बंशीलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>मदनलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>सुगना देवी पत्नी हरजी हि. 1/3<br>जाति भांबी सा. देह | 303/763 | 1.51 | बंशीलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>मदनलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>सुगना देवी पत्नी हरजी हि. 1/3<br>जाति भांबी सा. देह |
| 303/757 | 0.06 | | 300/1 | 0.05 | |
| 303/762 | 0.28 | | 303/2 | 0.27 | |
| 304 | 0.20 | | 301 | 0.09 | |
| 304/758 | 0.05 | | [illegible] | 0.16 | |
| 305 | 1.40 | | | | |

12.9.22
उपखण्ड अधिकारी
पुष्कर

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2022.09.15 13:47:15 IST
Reason: SelfAttested

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2.08 | |
| 300 | 0.08 | गोगसिंह पुत्र प्रहलादसिंह हि. 1/9 | 303/757 | 0.06 | गोगसिंह पुत्र प्रहलादसिंह हि. 1/9 |
| 303 | 2.55 | घीसूकंवर पुत्री प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>नरसीसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>मोहनसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>रमेशसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>बालाकंवर पत्नी हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>जाति राजपूत सा. देह | 304/758<br>304<br>303/762/2<br>300/2<br>303/1<br>303/3 | 0.05<br>0.20<br>0.25<br>0.03<br>1.98<br>0.06 | घीसूकंवर पुत्री प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>नरसीसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>मोहनसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>रमेशसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>बालाकंवर पत्नी हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>जाति राजपूत सा. देह |
| कुल किता 2 | कुल रकबा 2.63 | | कुल किता 7 | कुल रकबा 2.63 | |
| 303/764 | 0.24 | घमण्डाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2<br>सूरजाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2 | 303/4 | 0.24 | घमण्डाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2<br>सूरजाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2 |
| कुल किता 1 | कुल रकबा 0.24 | | कुल किता 1 | कुल रकबा 0.24 | |

वर्तमान राजस्व मानचित्र के नजरी नक्शे में दर्शाए क्रॉस की हुई लाईन को हटाते हुए, डोटेड व बोल्ड (गहरी सतत) लाईनों के अनुसार वर्तमान राजस्व मानचित्र में तरमीम/दुरूस्ती की जाने पर मौका व प्रस्तावित जमाबन्दी प्रविष्टि सही हो जाती है।

हमने उभयपक्ष की बहस सुनी। पत्रावली का अवलोकन किया तथा उभयपक्ष द्वारा की गई बहस पर मनन किया। प्रस्तुत दस्तावेजों साक्ष्यों यथा – तहसीलदार पुष्कर की रिपोर्ट तथा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ–पत्र इत्यादि से यह प्रतीत होता है कि राजस्व ग्राम रेंवत तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित प्रार्थी के आराजी कृषि भूमि के वर्तमान खसरा नम्बर 303/763 का तहसीलदार, पुष्कर की मौका रिपोर्ट एवं अनुशंषा अनुसार वर्तमान राजस्व मानचित्र में तरमीम किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

## —:: क्रियात्मक आदेश ::—

उपरोक्त विवेचन के परिणामस्वरूप प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–131 व 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार पुष्कर को आदेशित किया जाता है कि राजस्व ग्राम रेंवत तहसील पुष्कर जिला अजमेर अवस्थित आराजी कृषि भूमि के साबिक ख.नं. 1204 से बने वर्तमान ख.नं. 300, 303, 304, 305, 303/762, 303/763, 303/764 को वर्किंग राजस्व मानचित्र व मौका अनुसार संलग्न नक्शा ट्रेस के आधार पर वर्तमान राजस्व मानचित्र में दुरूस्ती एवं जमाबंदी में नवीन अंकन निम्नानुसार किया जावें:

12.9.22
उपखण्ड अधिकारी
पुष्कर

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2022.09.15 13:47:15 IST
Reason: SelfAttested

| वर्तमान प्रविष्टि | | | प्रस्तावित नवीन प्रविष्टि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ख.नं. | रकबा (हैक्ट) | | ख.न. | रकबा (हैक्ट) | |
| 303/763 | 1.51 | मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी जाति सिन्धी सा. अभियंतानगर वैशाली नगर अजमेर | 305<br>303/762/1<br>303/764/2 | 1.40<br>0.03<br>0.08 | मनीष पारवानी पुत्र हरीश पारवानी जाति सिंधी सा. अभियंतानगर वैशाली नगर अजमेर |
| कुल किता 1 | कुल रकबा 1.51 | | कुल किता 3 | कुल रकबा 1.51 | |
| 301<br>303/757<br>303/762<br>304<br>304/758<br>305 | 0.09<br>0.06<br>0.28<br>0.20<br>0.05<br>1.40 | बंशीलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>मदनलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>सुगना देवी पत्नी हरजी हि. 1/3<br>जाति भांबी सा. देह | 303/763<br>300/1<br>303/2<br>301<br>303/764/1 | 1.51<br>0.05<br>0.27<br>0.09<br>0.16 | बंशीलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>मदनलाल पुत्र हरजी हि. 1/3<br>सुगना देवी पत्नी हरजी हि. 1/3<br>जाति भांबी सा. देह |
| कुल किता 6 | रकबा 2.08 | | कुल किता 5 | कुल रकबा 2.08 | |
| 300<br>303 | 0.08<br>2.55 | गोगसिंह पुत्र प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>घीसूकंवर पुत्री प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>नरसीसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>मोहनसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>रमेशसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>बालाकंवर पत्नी हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>जाति राजपूत सा. देह | 303/757<br>304/758<br>304<br>303/762/2<br>300/2<br>303/1<br>303/3 | 0.06<br>0.05<br>0.20<br>0.25<br>0.03<br>1.98<br>0.06 | गोगसिंह पुत्र प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>घीसूकंवर पुत्री प्रहलादसिंह हि. 1/9<br>नरसीसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>मोहनसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>रमेशसिंह पुत्र हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>बालाकंवर पत्नी हिम्मतसिंह हि. 1/9<br>जाति राजपूत सा. देह |
| कुल किता 2 | कुल रकबा 2.63 | | कुल किता 7 | कुल रकबा 2.63 | |
| 303/764 | 0.24 | घमण्डाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2<br>सूरजाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2 | 303/4 | 0.24 | घमण्डाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2<br>सूरजाराम पुत्र जीवणराम हि. 1/2 |
| कुल किता 1 | कुल रकबा 0.24 | | कुल किता 1 | कुल रकबा 0.24 | |

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय 12.08.2022 आज दिनांक को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया गया।


12.8.22

सुखाराम पिण्डेल
(आर.ए.एस)
उपखण्ड ... अधिकारी
पुष्कर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2022.09.15 13:47:15 IST
Reason: SelfAttested

...मान राजस्व मानचित्र के नजरी नक्शे में दर्शाए क्रॉस की हुयी लाइन को हटाते हुए, डॉटेड व बोल्ड (गहरी सतत) लाइनों के अनुसार वर्तमान




नजरी नक्शा - ग्राम रेवत

राजस्व मानचित्र में तरमीम/दुरुस्ती की जाने पर मौका व उपलब्ध जमाबन्दी प्रविष्टि सही हो जाती है।

अतः रिपोर्ट अवलोकनार्थ व उचित आदेशार्थ श्रीमान जी की सेवा में सादर पेश है।

संलग्न :- मूल पत्रावलि।

दिनांक 27.4.22

पटवारी क[redacted]

12.8.22

उपखण्ड अधिकारी
पुष्कर

उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट


Signature Not Verified

Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2022.09.15 13:47:15 IST
Reason: SelfAttested